अमर उजाला 18/12/2022

# इंद्रीश फाउंडेशन संग कॉलेज करेगा सामाजिक कार्य

## गांधी मेमोरियल कॉलेज ने किया एमओयू साइन



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** इंद्रीश फाउंडेशन और गांधी मेमोरियल कॉलेज के बीच सामाजिक सहयोग और विद्यार्थियों के उत्थान के लिए एमओयू हस्ताक्षर हुआ। प्राचार्य डॉ. वीके जैन और फाउंडेशन की संस्थापक नेहा प्रवीण ने बताया कि इस एमओयू के तहत कॉलेज अब संस्था के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

इससे संस्था के तहत पढ़ने वाले बच्चों को कॉलेज के माध्यम से नई चीजें सीखने का मौका मिलेगा। वहीं, कॉलेज के विद्यार्थियों को भी समाज से संबंधित नई चीजों के बारे में जानकारी मिलेगी। इससे सभी विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होगा।

इस मौके संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्रा ने फाउंडेशन के सदस्यों को उनकी ओर से पेटेंट कराई गई। धनवंतरी चाय देते हुए आयुर्वेदिक की ओर जाने की सीख दी। इस मौके पर संस्था सदस्य अभिषेक पाठक, अमन, तरुण और दीपांश आदि मौजूद रहे।